एक नजर में

## रहस्य में घिरी रिटायर्ड कर्मचारी की मौत

**इंदौर.** रिटायर्ड बीएसएनएल कर्मचारी 70 वर्षीय रमेश पंवार की संदिग्ध मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है. शुरुआती तौर पर हत्या मानकर जांच शुरू की गई थी, लेकिन पुलिस को अब शक है कि पंवार ने खुद पर ही वार किए हो सकते हैं, मामले में पुलिस जांच कर रही है. चंदननगर पुलिस ने शुक्रवार को सिंहासा गांव, धार रोड स्थित दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल के पास से पंवार का शव बरामद किया था. शरीर पर गहरे घाव देखे गए, जिस पर परिजन हत्या का आरोप लगाते रहे. घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम और फोरेंसिक विशेषज्ञों को भी जांच के लिए बुलाया. शुरू में आशंका जताई गई थी कि लूट के इरादे से पंवार की हत्या हुई है, लेकिन नए तथ्यों ने कहानी की दिशा बदल दी है. मामले में पुलिस को जानकारी मिली है कि पंवार शराब के आदी थे और पूर्व में मेंदाता अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान भी उन्होंने हंगामा किया था. जिसके चलते अब पुलिस आत्महत्या की आशंका पर भी जांच कर रही है. डीसीपी आनंद कलादगी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि फिलहाल स्पष्ट रूप से कुछ कहना जल्दबाजी होगी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों पर अंतिम निष्कर्ष निकल सकेगा.

## हाईवे पर कार सवार परिवार से की लूट

**इंदौर.** शहर की ओर आ रहे एक परिवार को हाईवे पर लुटेरों ने घेर लिया. कार पंक्चर कर रुकवाया और परिवार के सदस्यों से नकदी व आभूषण छीन लिए गए. घटना में कोई गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन परिवार सदमे में है. कार में अहमदाबाद के तीन पुरुष और एक महिला सवार थे. माचल के पास कार चलते-चलते अचानक पंक्चर हो गई. जब वे कार से उतरे और टायर देखने लगे, तभी पांच नकाबपोश बदमाशों ने हथियारों के दम पर उन्हें घेर लिया. बदमाशों ने परिवार के साथ मारपीट करते हुए 24 हजार रुपए नकद और महिला की चेन व अंगूठी छीन ली. इसके बाद उन्होंने कार की चाबी भी ले ली और वहां से फरार हो गए. परिवार के लोग जैसे-तैसे बेटमा थाने पहुंचे और मामले की सूचना दी. पुलिस ने बताया कि लुटेरे अभी भी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है. पुलिस घटना स्थल की पड़ताल कर रही है और सीसीटीवी व साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है.

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर डेढ़ करोड़ की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**इंदौर.** शहर में साइबर सेल ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के बैंक खाते को फ्रीज कर दिया है और मामले की जांच जारी है. कुछ दिन पहले इंदौर के एक व्यक्ति की रिपोर्ट पर साइबर सेल ने डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी का मामला दर्ज किया था. जांच में सामने आया कि यह पैसा कई खातों में स्थानांतरित किया गया था, जिनमें से एक खाता आगर जिले के सुसनेर का पाया. साइबर सेल की टीम ने वहां जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके खाते को फ्रीज करवा दिया. जांच में पता चला कि लाखों रुपए इसी खाते में ठगी के रूप में पहुंचे थे. फरियादी को टेलीग्राम के माध्यम से शेयर ट्रेडिंग का झांसा दिया गया और धीरे-धीरे फर्जी प्रॉफिट दिखाकर 1 करोड़ 40 लाख रुपए ऑनलाइन जमा करवा लिए गए. जब फरियादी ने पैसा निकालने की कोशिश की, तो आरोपी ने संपर्क तोड़ दिया और गायब हो गया. साइबर सेल ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है और अन्य जुड़े खातों व सहयोगियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं. पुलिस ने लोगों से चेतावनी दी है कि ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग या निवेश के नाम पर किसी भी अनजान संपर्क में सावधानी बरतें और संदिग्ध लेनदेन तुरंत साइबर सेल को रिपोर्ट करें.

## मजदूर ने घर में फांसी लगाई

**इंदौर.** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के माचला गांव में दोपहर एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर जान दे दी. मृतक की पहचान 45 वर्षीय संजय सनोरिया पिता ब्रजलाल के रूप में हुई है. संजय खेतों में मजदूरी का काम करता था और शराब पीने का आदी था. घटना के समय उसकी पत्नी मायके गई हुई थी. प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है. एमवाय अस्पताल में मौजूद परिजनों और परिचितों ने बताया कि परिवार में किसी प्रकार का विवाद नहीं था, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.



## महू इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के चुनाव संपन्न

**महू.** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) महू के चुनाव विगत दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए. चुनाव में सर्वसम्मति से डॉ. राहुल मेवाड़ा को अध्यक्ष एवं डॉ. विमल कुमार सक्सेना को सचिव निर्विरोध रूप से चुना गया. नए अध्यक्ष डॉ. राहुल मेवाड़ा को पूर्व अध्यक्ष डॉ. सौरभ तिवारी ने औपचारिक रूप से संपूर्ण कार्यभार सौंपा. इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से जुड़े सभी चिकित्सकों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं. नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं संगठनों ने भी बधाई प्रेषित की.



## सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर



**महू.** सिविल अस्पताल महू में विधायक महू ऊषा ठाकुर के नेतृत्व में वी हेल्प फाउंडेशन के द्वारा एक सफल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. महू एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 2400 से अधिक जनता ने स्वास्थ्य लाभ एवं सलाह प्राप्त की, जिसमें विशेषज्ञ डॉ आमिर जौहर, डॉ श्रीकांत बुंदेला, डॉ अवंतिका, डॉ सचिन दुबे, डॉ शिवेश ठाकुर, डॉ मोहित गंगवाल, डॉ सकीना, डॉ नरेंद्र शर्मा, डॉ लाखन सिंह वर्मा, डॉ निकुंजा सुले, डॉ ज्योति शर्मा आदि द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. डॉ महेश तिवारी, डॉ शरद गुप्ता, डॉ सौरभ तिवारी, अशोक दीक्षित, राजेंद्र कौशल, राजेश पाटीदार, कमलकांत भालवदेकर, गजानन, डॉ अमित सोनी, डॉ एच आर वर्मा, दत्ता मैडम द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. अतिथियों का स्वागत हेमंत कौशल, विठ्ठल अग्रवाल, विनोद गर्ग, सलीम खान आदि द्वारा किया गया. शिविर में बोन डेंसिटी टेस्ट नि:शुल्क करीब 278 लोगों द्वारा किया गया था. उक्त जानकारी वी हेल्प फाउंडेशन सामाजिक संस्था के अध्यक्ष डॉ अमित सोनी, सचिव अशोक दीक्षित, सह सचिव राजेंद्र कौशल द्वारा दी गई. साथ ही उन्होंने बताया कि संस्था के द्वारा निरंतर स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, स्वच्छता, यातायात के श्रेत्र में निरंतर कार्य किया जायेगा.

## बालिकाओं को किया तलवार का वितरण



**महू.** शस्त्र कला प्रदर्शन के मामले में आज के दौर में बालिकाएं भी पीछे नहीं है. अब नवरात्र पर्व आने वाले हैं, जिसको लेकर ग्राम पंचायत महू के जनपद पंचायत सदस्य संग्राम सिंह राजे भोसले ने क्षेत्रीय विधायक उषा ठाकुर के नेतृत्व में नवरात्रि पर को लेकर एक शिविर का आयोजन किया. इसमें सैकड़ो बालिकाओं को शास्त्र कला का प्रदर्शन सिखाया गया. एक तरफ जहां तलवारबाजी करवाई गई तो दूसरी तरफ बच्चियों को बनोटी फिरने की कला भी सिखाई गई. इतना ही नहीं, जनपद सदस्य संग्राम राजे सिंह भोसले ने अपनी तरफ से 70 बालिकाओं को तलवार भी वितरित की.

# ट्रक हादसे में घायल युवती को एयरलिफ्ट कर मुंबई भेजा

### मुख्यमंत्री ने लिया तुरंत एक्शन

**इंदौर. एयरपोर्ट रोड पर 15 सितंबर को हुए दर्दनाक ट्रक हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई युवती संस्कृति वर्मा के इलाज को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बड़ा निर्णय लिया. मुख्यमंत्री के निर्देश पर शनिवार संस्कृति को एयरलिफ्ट कर मुंबई इलाज के लिए भेजा गया. जहां बॉम्बे हॉस्पिटल में उसकी विशेष सर्जरी होगी.**

ज्ञात हो कि हादसे के बाद से ही संस्कृति का इंदौर में इलाज चल रहा था. डॉक्टरों ने उसका हाथ ऑपरेट किया था, लेकिन संक्रमण का खतरा बढ़ने से चिंता गहराने लगी. स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल मुंबई शिफ्ट करने के निर्देश दिए. उनके आदेश के बाद स्वास्थ्य विभाग और डॉक्टरों की टीम सक्रिय हुई और कुछ ही घंटों में संस्कृति को एयर एंबुलेंस से मुंबई रवाना कर दिया. परिजनों ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय पर आभार जताया और कहा कि समय पर मिले इस सहयोग से उनकी बेटी के स्वस्थ होने की उम्मीद और मजबूत हुई है।




## जांच में रिश्वतखोर टीआई की करतूतें हुई उजागर

**इंदौर।** रिश्वतखोरी में रंगेहाथ पकड़े गए आजादनगर थानेदार धर्मेंद्र राजपूत के खिलाफ एक और खुलासा सामने आया है. बताया जा रहा है कि राजपूत ने ड्रग पेडलर पंगुबाई के परिवार से भी दो लाख रुपए की मांग की थी. धमकी दी थी कि रकम नहीं मिली तो चार-पांच नए केस दर्ज कर जेल भिजवा दूंगा. इस दबाव में परिवार ने एक लाख रुपए थाने में ही थमाए, जिसके बाद पुराने केस में गिरफ्तारी दिखाकर नए मुकदमे दर्ज नहीं किए. ज्ञात हो कि लोकायुक्त पुलिस ने हाल ही में संतोष तोमर की शिकायत पर धर्मेंद्र राजपूत को एक लाख रुपए रिश्वत लेते ट्रैप किया था. जांच में सामने आया है कि राजपूत छोटे-मोटे नहीं बल्कि लाखों की वसूली करता था और अक्सर आरोपियों को थाने बुलाकर ही रकम लेता था. पंगुबाई पूर्व में ड्रग्स मामले में जेल भेजी जा चुकी है, उसके परिजनों का आरोप है कि बयान लिखने के नाम पर राजपूत ने ब्लैकमेलिंग की थी. मामले में जांच की जा रही है.

# डांसिंग कॉप पर युवती ने लगाए नए आरोप

### सोशल मीडिया पर साझा किया ऑडियो

**इंदौर।** हवलदार रंजीत सिंह की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रहीं. राधिका नाम की युवती ने शनिवार तड़के सोशल मीडिया पर दो और पोस्ट साझा कीं, जिनमें उसने रंजीत पर एक अन्य महिला से पैसों की मांग करने का आरोप लगाया है. युवती ने इसके साथ एक ऑडियो क्लिप भी सार्वजनिक की है और दावा किया है कि जल्द ही वह महिला भी सामने आकर रंजीत के खिलाफ खुलासा करेगी.



रंजीत सिंह की तबीयत शुक्रवार को बिगड़ गई थी. सीने में दर्द और घबराहट के चलते उन्हें शेल्बी अस्पताल में भर्ती कराया था, अस्पताल मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. विवेक जोशी ने बताया कि शुरुआती जांच में ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ पाया था. फिलहाल उनकी हालत स्थिर है, बीपी सामान्य हो चुका है. आईसीयू से वार्ड में शिफ्ट कर दिया है और यदि सब कुछ ठीक रहा तो रविवार को डिस्चार्ज किया जा सकता है. डॉक्टरों के अनुसार उनकी कोई पुरानी मेडिकल हिस्ट्री नहीं है.

गौरतलब है कि राधिका इससे पहले भी दो वीडियो जारी कर रंजीत पर गंभीर आरोप लगा चुकी है. वहीं, रंजीत के करीबी लोगों का कहना है कि वे अपना पक्ष विभाग के समक्ष रख चुके हैं.

# सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में दिनदहाड़े हमला

### सुरक्षा पर उठे सवाल



**इंदौर।** शहर के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल परिसर में शनिवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब बदमाशों ने दिनदहाड़े एक मरीज के अटेंडर पर चाकू से हमला कर दिया. वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर कार में तोड़फोड़ करते हुए मौके से भाग निकले. अचानक हुई घटना से पूरे अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया.

प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि बदमाशों ने अटेंडर को निशाना बनाने के साथ उसकी कार के शीशे भी चकनाचूर कर दिए. तेज आवाज सुनकर वहां मौजूद लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही आरोपी फरार हो गए. घटना के वक्त अस्पताल में पांच से छह सुरक्षा गार्ड तैनात थे, लेकिन वे भी हमलावरों को रोकने में नाकाम रहे. हमले में घायल अटेंडर को तुरंत अस्पताल ले जाकर भर्ती किया गया, जहां उसका इलाज जारी है. पुलिस को घटना की जानकारी दी गई है और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गई है. फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हमले के पीछे कौन था और इसकी वजह क्या थी.

# यातायात पुलिस की चेकिंग के दौरान पकड़ाया नकली पुलिसकर्मी

- आईडी कार्ड और वर्दी भी मिली
- संयोगितागंज पुलिस ने की कार्रवाई

**इंदौर। शहर में यातायात पुलिस की चेकिंग के दौरान एक नकली पुलिसकर्मी को पकड़ लिया. उसके पास पुलिस का आईडी कार्ड और वर्दी भी मिली है. असली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे थाने में दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है.**

संयोगितागंज पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामला तब सामने आया जब यातायात आरक्षक की शिकायत पर विवेक नामक युवक को पकड़ा. वह मोटरसाइकिल से बीआरटीएस के अंदर से गुजर रहा था, गीता भवन के पास उपनिरीक्षक की टीम ने उसे रोका तो उसने खुद को लाइन में पदस्थ पुलिसकर्मी बताना शुरू कर दिया और आईडी कार्ड दिखाया. सख्त पूछताछ पर उसने दावा किया कि उसने पुलिस परीक्षा दी है. फिलहाल विवेक के खिलाफ संयोगितागंज थाने में केस दर्ज किया है और उससे यह भी जांच की जा रही है कि उसने पुलिस का रौब दिखाकर कोई गैरकानूनी काम तो नहीं किया.



**रायसेन का रहने वाला है युवक**

पुलिस ने बताया कि विवेक रायसेन का रहने वाला है और उसके पास मिली वर्दी और आईडी कार्ड असली पुलिस दस्तावेजों की तरह दिखती थी. पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि उसने किन परिस्थितियों में यह आईडी और वर्दी बनाई और इस्तेमाल की. इस घटना ने शहर में पुलिस की सख्ती और सतर्कता को फिर एक बार उजागर किया है. असली पुलिस ने कहा है कि किसी भी व्यक्ति को खुद को पुलिसकर्मी बताने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, अन्यथा

# थानों में महिलाओं की शिकायतों के लिए महिला टीआई की नियुक्ति

**लसूड़िया और विजयनगर थानों में अब दो टीआई** | **महिलाओं की सुनवाई होगी आसान और तुरंत**

**इंदौर. पुलिस ने महिलाओं की शिकायतों को बेहतर तरीके से सुनने और निपटाने के लिए शहर में एक नया प्रयोग शुरू किया है. इसके तहत कुछ थानों में दो टीआई होंगे, जिनमें से एक महिला टीआई होगी, ताकि महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने में सुविधा हो और सुनवाई समय पर हो.**

पुलिस कमिश्नर के आदेशानुसार, लसूड़िया और विजयनगर थानों में अब दो-दो टीआई तैनात होंगे. इन थानों में महिला टीआई की नियुक्ति विशेष रूप से इसलिए की गई है क्योंकि यहां महिला संबंधित शिकायतों की संख्या अधिक है. विजयनगर थाना में मीना बौरासी और लसूड़िया थाना में नीतू सिंह को नियुक्त किया है. नियुक्त महिला टीआई थाने में सामान्य टीआई के साथ काम करेंगी, लेकिन उनकी जिम्मेदारी टूआईसी स्तर की होगी. इससे यह सुनिश्चित होगा कि शिकायत करने के लिए आने वाली महिलाओं को तत्काल सुनवाई मिले और उन्हें किसी तरह की असुविधा न हो. इससे पहले, जब टीआई गश्त पर होते थे या छुट्टी पर रहते थे, तो शिकायत करने वाली महिलाओं को थाने में लौटना पड़ता था या उन्हें कहा जाता था कि टीआई आने पर फिर से आएं. हालांकि पहले भी थानों में टूआईसी की व्यवस्था थी, लेकिन वह एसआई स्तर के अधिकारी होते थे. अब महिला टीआई के रूप में नियुक्त अधिकारी टीआई स्तर की होगी, जिससे थाने में आने वालों की शिकायतें प्रभावी और समय पर सुनवाई हो सकेगी.

### कार्य विभाज का प्रारूप तैयार कर रहे

एडीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों टीआई के कार्य विभाजन का प्रारूप तैयार किया जा रहा है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कौन सा काम कौन देखेगा और थाने की कार्यप्रणाली और अधिक व्यवस्थित हो. इस नई व्यवस्था से महिलाओं के लिए थाने का माहौल सुरक्षित और सहयोगी बनेगा.

# अंधाधुंध दौड़ती गोलू की बसों पर अब करणी सेना लगा रही ब्रेक

**चार मौतों के बाद भी नहीं थमी रफ्तार**

**इंदौर. बाईपास पर शुक्ला ब्रदर्स की बस से हुए दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत के बाद भी बसों की रफ्तार कम नहीं हो रही है, गोलू लिखी बसें अब भी सड़कों पर अंधाधुंध दौड़ रही हैं. लापरवाह संचालन से गुस्साए लोगों और संगठनों ने खुलकर विरोध दर्ज कराया.**

सांवेर में करणी सेना ने ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी थी कि यदि बस ऑपरेटरों ने नियमों का पालन नहीं किया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा. इसी दौरान शुक्ला ब्रदर्स की ही एक बस का चालक कार्यकर्ताओं से भिड़ गया. आरोप है कि ड्राइवर ने शराब पी रखी थी और उसने न केवल बदतमीजी की बल्कि लापरवाह अंदाज में बस चला रहा था. ड्राइवर की हरकतों से नाराज करणी सेना कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क और उन्होंने मौके पर ही उसकी जमकर पिटाई कर दी. घटना के बाद लोगों ने दो टूक कहा कि अब और लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी.



गौरतलब है कि बाईपास हादसे में चार लोगों की मौत के बाद से क्षेत्रीय लोग लगातार बसों की तेज रफ्तार और नियम खिलाफ संचालन का विरोध कर रहे हैं. करणी सेना ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे.

# द्वारकापुरी में महिलाओं के हाथों फैल रहा ड्रग्स का जाल

- पंद्रह दिनों में तीसरी महिला ड्रग तस्करी में गिरफ्तार
- पुलिस की निगरानी में क्षेत्र की महिलाएं सक्रिय

**इंदौर. द्वारकापुरी क्षेत्र में ड्रग्स का कारोबार अब महिलाओं के हाथों संचालित हो रहा है. पुलिस ने पिछले पंद्रह दिनों में तीसरी महिला को गिरफ्तार किया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इस क्षेत्र में नशे की आपूर्ति में महिलाएं प्रमुख भूमिका निभा रही हैं.**

शहर के विभिन्न हिस्सों में नशे का कारोबार तेजी से फैल रहा है, लेकिन द्वारकापुरी थाना ऐसा क्षेत्र बन गया है जहां महिलाएं सक्रिय रूप से ड्रग्स के धंधे में जुड़ी हैं. पंद्रह दिन पहले क्राइम ब्रांच ने ब्राउन शुगर के साथ एक महिला को पकड़ा था, जिसकी कीमत करीब एक करोड़ बताई गई थी. दो दिन पहले द्वारकापुरी पुलिस ने आकाश नगर निवासी एक महिला को 255 अल्प्राजोलम गोलियों के साथ गिरफ्तार किया था. कल रात तेजाजी नगर पुलिस की चेकिंग के दौरान एक्टिवा पर सवार एक महिला को फूटी कोठी निवासी पति के साथ गिरफ्तार किया. उसके पास से एक किलो 200 ग्राम गांजे का पैकेट बरामद हुआ, जिसे वह किसी को देने जा रही थी. सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तारी की गई महिलाओं के पति का आपराधिक रिकॉर्ड भी मौजूद है, और पहले से उनके खिलाफ मामले दर्ज हैं. खासतौर पर एक महिला लंबे समय से फरार थी और कई आपराधिक मामलों में नाम दर्ज था. पुलिस को इस क्षेत्र में और भी महिलाओं के ड्रग्स कारोबार में शामिल होने की जानकारी मिली है. लगातार तीसरी महिला की गिरफ्तारी ने यह संकेत दे दिया है कि द्वारकापुरी क्षेत्र में ड्रग्स का कारोबार अब महिलाओं के प्रभुत्व में है.

एक नजर में | **24 घंटे तैनात रहेंगी क्रेन, नालों और जलभराव वाली खदानों के आसपास तारफेंसिंग कर लगाएं जाएंगे**

# बायपास पर ट्रैफिक सुचारू करने नई व्यवस्था

- डामरीकरण और सुरक्षा उपायों का शुभारंभ
- अर्जुन बड़ौदा डायवर्शन में गड्ढों की मरम्मत

**इंदौर.** बायपास पर लगातार जाम और निर्माणाधीन फ्लायओवरों के कारण यातायात सुचारू नहीं हो पा रहा है. प्रशासन ने अब गड्ढों की मरम्मत, डामरीकरण और सुरक्षा उपायों के साथ ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया. इसके तहत अर्जुन बड़ौदा डायवर्शन पर 24 घंट क्रेन तैनात रहेगी, ताकि बिगड़े वाहनों को तुरंत हटाया जा सके.

बायपास पर रालामंडल, कनाड़िया, बेस्ट प्राइज और अर्जुन बड़ौदा में निर्माण कार्य जारी है, जिसके कारण सर्विस रोड पर अक्सर लंबा जाम लगता है. प्रशासन ने अब डामरीकरण की प्रक्रिया शुरू करने के साथ ही गड्ढों की मरम्मत के निर्देश दिए हैं. लगातार बारिश के कारण इसमें कुछ बाधाएं आ रही हैं. जल संसाधन मंत्री ने नेशनल हाईवे पर निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को बायपास पर जाम के लिए पुलिस, प्रशासन और एनएचआई के बीच समन्वय स्थापित करने और पर्याप्त लाइटिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. साथ ही, नवरात्रि के दौरान बढ़े यातायात दबाव को ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए।



निर्माणाधीन सड़क, पुल-पुलियाओं और सिक्स लेन इंदौर-उज्जैन रोड, प्रस्तावित ग्रीन फील्ड कॉरिडोर समेत राष्ट्रीय राजमार्ग, एमपीआरडीसी, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क और पीडब्ल्यूडी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई. मांगलिया रेलवे ओवरब्रिज, कैलोदहाला, लसूड़ियामोरी और सिंगापुर ब्रिज की स्थिति की जानकारी ली गई. इसके अलावा, हाल ही में जलभराव और बच्चों की हादसों को देखते हुए सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्रों में तालाब, नालों और जलभराव वाली खदानों के आसपास तारफेंसिंग लगाएं और चेतावनी बोर्ड स्थापित करें. गरबा आयोजनों के समय विशेष सतर्कता बरतने के साथ-साथ बड़े गड्ढों की मरम्मत और निर्माणाधीन पुल-पुलियाओं पर सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं।